हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 1 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

अप्रूव्ड

दीपावली का असली तोहफ़ा
बढ़ती कीमतों से पहले
अपना घर चुनें.

A Project By
M/s Maa Shanti Construction
PCGRERA PCGRERA081119001062

CREDAI BILASPUR
PROPERTY EXPO 2026
30 31 OCT, 01 NOV.
KUNDAN PALACE
Shrikant Verma Marg

स्टाल नंबर-23



कुछ खास चीजे, सिर्फ कुछ खास लोगों के लिए बनती हैं

ALASKA HOMES

2 & 3 BHK डूप्लेक्स बंगलो

बिजौर, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के पास, बिलासपुर










Podium Garden | Plunge Pool | Decorative Entrance | Walking Track | Children's Play Area | 24x7 Water | Power Backup | Fire Safety | Lift | CCTV

आसान लोन सुविधा उपलब्ध
State Bank of India THE BANKER TO EVERY INDIAN
HDFC HOME LOANS WITH YOU, RIGHT THROUGH

70899-99550, 70499-99550

MEMBER OF CREDAI

खबर संक्षेप

एसईसीएल के पुनर्वास ग्रामों को मॉडल बसाहट के रूप में विकसित करें : कलेक्टर

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा एवं दीपका क्षेत्र में खदान विस्तार के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले ग्रामों के पुनर्वास हेतु चिन्हांकित स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पुनर्वास स्थलों में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी स्थानों पर बुनियादी सुविधाओं का बेहतर विकास सुनिश्चित करने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी पुनर्वास स्थलों को मॉडल पुनर्वास ग्राम के रूप में विकसित किया जाए, जहां विस्थापित होने वाले परिवारों को सड़क, पेयजल, नाली, जल निकासी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। कलेक्टर श्री दुदावत ने एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा अधिग्रहित ग्राम पाली-पड़निया के लिए ग्राम तरदा के जंगलपारा में विकसित किए जा रहे पुनर्वास स्थल का निरीक्षण किया। इसी तरह एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अधिग्रहित ग्राम भिलाईबाजार के लिए ग्राम बिरदा तथा ग्राम नरईबोध के लिए गेवरा-इमलीछापर रोड स्थित ग्राम जहराजेल एवं अधिग्रहित ग्राम रलिया के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना के लिए ग्राम दर्री में विकसित किए जा रहे स्थल का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तरदा जंगलपारा स्थित पुनर्वास स्थल पर भूखंड के जमीनी स्तर का समतलीकरण, पेयजल आपूर्ति, ड्रेनेज एवं पानी निकासी की समुचित व्यवस्था तथा पहुंच मार्ग निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शिक्षक बनकर बच्चों की ली कक्षा पढ़ाई और स्कूल की सुविधाओं पर किया संवाद

कोरबा। स्कूल में बच्चों के बीच पहुंचकर कलेक्टर ने न केवल उनकी पढ़ाई का जायजा लिया, बल्कि स्वयं शिक्षक बनकर गणित के सवाल हल कराए और अंग्रेजी के पाठ पढ़वाकर उनका हिंदी में अनुवाद भी करवाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनसे बातचीत कर पढ़ाई, विद्यालय की सुविधाओं तथा उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम तरदा और सराईसिंगार के प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, भोजन व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्माण, मरम्मत एवं अन्य सुविधाओं से जुड़े कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने प्राथमिक शाला तरदा एवं सराईसिंगार में बच्चों के साथ कक्षा में समय बिताया। उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर गणित के सवाल लिखकर बच्चों से हल करवाए और सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों से अंग्रेजी के पाठ पढ़वाए और उनका हिंदी में अनुवाद भी करवाया, जिससे उनकी पढ़ने और समझने की क्षमता का जायजा लिया। सराईसिंगार प्राथमिक शाला की कक्षा पांचवीं में वे बच्चों के बीच बैठकर उनसे आत्मीयता से रूबरू हुए। उन्होंने बच्चों को नियमित पढ़ाई करने, मन लगाकर सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान बच्चों से विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और उनकी जरूरतों के बारे में भी चर्चा की।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया ई-कचरा प्रबंधन दिवस

कोरबा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेन्द्रीपाली में ई-कचरे से उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभावों तथा उसके समुचित प्रबंधन एवं सुरक्षित निस्तारण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ई-कचरे के पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ई-कचरे की उत्पत्ति, उसके दुष्परिणामों, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की प्रक्रिया तथा उसके सुरक्षित निस्तारण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता एसआर श्रीवास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान आधुनिक युग में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुके हैं। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, टेलीविजन, बैटरी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अनुपयोगी हो जाने पर उन्हें अक्सर इधर-उधर फेंक दिया जाता है, जिससे ई-कचरे की समस्या गंभीर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि ई-कचरे का अनुचित निस्तारण मिट्टी, जल एवं वायु को प्रदूषित करता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव मानव स्वास्थ्य, जीव-जंतुओं तथा संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ता है।



कोरबा में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, कोसाबाड़ी से घंटाघर तक निकली पदयात्रा

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत भाजपा की पदयात्रा



पदयात्रा में शामिल उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजूदेवी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपालमोदी व अन्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में 30 अक्टूबर को लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ के समर्थन में विशाल पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में उमड़े जनसैलाब ने शहर में भाजपा की ताकत और कार्यकर्ताओं के उत्साह का प्रदर्शन किया। कोसाबाड़ी स्थित हनुमान मंदिर से शुरू हुई यह पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए घंटाघर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर मैदान पहुंचकर संपन्न हुई।

पदयात्रा में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला सह प्रभारी बृजेंद्र शुक्ला, विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर संजू देवी राजपूत सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। पूरे मार्ग में लोकतंत्र के समर्थन और पार्टी के राजनीतिक संदेश को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। भाजपा की इस पदयात्रा का उद्देश्य वोट चोरी के आरोपों एवं मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चल रही राजनीतिक बहस के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रिया के समर्थन में पार्टी का पक्ष जनता तक पहुंचाना रहा। पदयात्रा के दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और मतदाता सूची के शुद्धिकरण को निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक बताया।

जेएनयू की छात्राओं से दुर्व्यवहार पर भड़का आक्रोश



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को टीपी नगर में विशाल आक्रोश धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर मामले में कार्रवाई की मांग उठाई गई। प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा ने नारी सम्मान, महिला सुरक्षा और महिलाओं की गरिमा से जुड़े मुद्दों पर अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की शीर्ष नेतृत्व में आयोजित हुआ। इसमें महापौर संजू देवी राजपूत की विशेष उपस्थिति रही। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया और मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की।

जनता का भरोसा प्रधानमंत्री मोदी के साथ : गोपाल

भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कार्यकर्ताओं एवं पदयात्रा में शामिल नागरिकों का स्वागत-अभिनंदन करते हुए कहा कि खराब मौसम के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर भ्रम फैलाने तथा अराजकता का माहौल बनाने का आरोप लगाया। एसआईआर का समर्थन करते हुए गोपाल मोदी ने सवाल किया कि मृत, स्थानांतरित और निवास बदल चुके मतदाताओं के नामों का सत्यापन करना गलत कैसे हो सकता है।

भ्रम फैलाने से नहीं मिलेगी सत्ता : संजूदेवी

महापौर संजू देवी राजपूत ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व करते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एसआईआर को राजनीतिक मुद्दा बनाकर जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मतदाता सूची पुनरीक्षण पर राजनीति करने के बजाय जनता के वास्तविक मुद्दों पर बात करनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर भी कटाक्ष किया।

चुनावी हार से बौखलाई है कांग्रेस : लखन

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पदयात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के कोने-कोने से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी उनकी राजनीतिक हताशा को प्रदर्शित करती है। श्री देवांगन ने कहा कि कांग्रेस एसआईआर को लेकर बेवजह सवाल खड़े कर रही है, जबकि मतदाता सूची को शुद्ध और व्यवस्थित बनाने के लिए पुनरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार चुनावी पराजय से कांग्रेस बौखलाई हुई है। वोट चोरी का आरोप लगाने वाली कांग्रेस को पहले अपने राजनीतिक इतिहास और भ्रष्टाचार के मामलों पर आत्ममंथन करना चाहिए।

राज्योत्सव की तैयारियों का जिला पंचायत सीईओ ने लिया जायजा


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 2 नवंबर को आयोजित होने वाले एकदिवसीय राज्योत्सव समारोह की तैयारियों का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने जायजा लिया। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर ओपन ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

श्री जैन ने मंच निर्माण, विद्युत एवं साउंड सिस्टम, लाइटिंग, बैरिकेडिंग, दर्शक दीर्घा और वीआईपी बैठक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने को कहा। कलाकारों के ठहरने, भोजन और आवास के साथ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंधों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने आयोजन स्थल के प्रवेश और निकास मार्ग, पार्किंग तथा विभागीय स्टॉलों के स्थान निर्धारण के लिए व्यवस्थित रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। श्री जैन ने कहा कि राज्योत्सव प्रदेश की गौरवमयी यात्रा और उपलब्धियों का प्रतीक है। समारोह की सभी तैयारियां सुव्यवस्थित, सुरक्षित और गरिमापूर्ण ढंग से पूरी की जाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, ओंकार यादव, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, यांत्रिकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दर्री क्षेत्र के स्थानीय युवकों ने एचटीपीएस के ईडी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री-जमनीपाली क्षेत्र के युवाओं द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के कार्यपालक निदेशक को क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, फ्लाई ऐश डंपिंग एवं पर्यावरणीय समस्याओं के निराकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया।

खास बात
- फ्लाई ऐश कंपनी व प्रदूषण के समस्या के निराकरण की रखी मांग

ज्ञापन में युवाओं ने एचटीपीएस प्लांट एवं टाउनशिप में लगातार हो रही चोरियों, फ्लाई ऐश डंपिंग, गर्मी के मौसम में राखड़ उड़ने से होने वाले वायु प्रदूषण तथा आसपास के जलस्रोतों एवं कृषि भूमि पर पड़ने वाले संभावित दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। साथ ही ग्राम नवागांव एवं मड़वामहुआ बस्ती के निकट स्थित राखड़ डंपिंग स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, रिटेनिंग वॉल, तटबंध एवं उचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। युवाओं ने टाउनशिप के मध्य स्थित राखड़ डंप को हटाने अथवा आवासीय क्षेत्र से सुरक्षित दूरी पर व्यवस्थित करने, प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कराने तथा संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग भी रखी। इसके अतिरिक्त राखड़ बांध के आसपास वृक्षारोपण कराने, पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने, पुराने आवासीय क्वार्टरों के ध्वस्तीकरण से संबंधित मामलों की जांच तथा निर्माण कार्यों में स्थानीय युवाओं को नियमानुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की सीएसआर निधि का उपयोग स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य आवश्यक सामुदायिक सुविधाओं के विकास के लिए पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए। युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र एवं उचित निराकरण नहीं किया गया, तो दर्री-जमनीपाली क्षेत्र के युवा जनहित में चरणबद्ध एवं लोकतांत्रिक आंदोलनात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने का उद्देश्य क्षेत्र की जनता की समस्याओं को कंपनी प्रबंधन तक पहुंचाना तथा पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य और स्थानीय निवासियों के हित में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित कराना है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दिव्यांश अग्निहोत्री, योगेश जायसवाल, पुष्पेंद्र भारिया, किशोर साहू, विजय साहिस, भुवनेश्वर दुबे, नीरज यादव, मोनेश टंडन सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


ज्ञापन सौंपने पहुंचे क्षेत्र के स्थानीय युवा।

हजारों लोगों की रोज आवाजाही, फिर भी कुचेना अंडरब्रिज बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कुचेना अंडरब्रिज।

गेवरा और दीपका को जोड़ने वाले कुचेना बाईपास मार्ग का रेलवे अंडरब्रिज लंबे समय से बदहाली का शिकार है। अंडरब्रिज से रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही होती है लेकिन सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ा हुआ डामर राहगीरों के लिए परेशानी और हादसे का कारण बन रहा है। जनहित से जुड़े इस मुद्दे को लेकर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 64 की पार्षद आरती लखन और बांकीमोंगरा पालिका क्षेत्र के वार्ड 19 के पार्षद लक्ष्मण सिंह कंवर ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल सुधार की मांग की है।

पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 4 नवंबर से आम जनता के साथ हड़ताल और चक्काजाम किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होने की बात कही गई है। कुचेना अंडरब्रिज से एसईसीएल के दीपका और गेवरा प्रोजेक्ट सहित कई निजी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों की बड़ी संख्या रोजाना गुजरती है। इसके अलावा बिलासपुर की ओर जाने वाले लोगों के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ऐसे में सड़क की बदहाली का सीधा असर हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही पर पड़ रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अंडरब्रिज का निर्माण बेहद संकरा और गुणवत्ताहीन तरीके से किया गया। सड़क पर कराया गया डामरीकरण भी कथित तौर पर इतना कमजोर था कि एक महीने के भीतर ही सड़क उखड़ने लगी। वर्तमान में जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। पार्षदों का आरोप है कि गड्ढों की स्थायी मरम्मत करने के बजाय कई जगह मिट्टी और कंक्रीट डालकर पैचवर्क किया जा रहा है। इससे सड़क की स्थिति सुधारने के बजाय और खराब हो रही है। बारिश और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच गड्ढे फिर उभर आने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। रोजाना हजारों लोगों के गुजरने वाले इस मार्ग की बदहाली ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता के साथ-साथ रखरखाव व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

इंटक की केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा क्षेत्रीय कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा क्षेत्र की नई क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह एवं केंद्रीय महामंत्री प्रीतम नाथ पाठक द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार विकास शुक्ला को क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा रोहित कुमार को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कार्यकारिणी में परदेशी सिंह एवं रामदुलार साहू को कार्यवाहक अध्यक्ष, रमनारायण गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा शैलेन्द्र यादव, बृजेश सिंह, गोविंद राम साहू, रीता कुमारी, मनप्रीत कौर एवं दीपक टोप्पो को उपाध्यक्ष बनाया गया है। राजू सिंह एवं विमल कुमार पाण्डेय को उपमहामंत्री, अलीन एक्का को सचिव तथा अनिता कंवर, सुजान सिंह, रानी महंत एवं कृतिका कंवर को सह सचिव का दायित्व सौंपा गया है। वहीं कन्हैया लाल, महेन्द्र कुमार, रामप्रताप, अमर सिंह एवं बाबू सिंह को संगठन सचिव बनाया गया है। दिलीप जायसवाल को कोषाध्यक्ष, छेदीलाल को उपकोषाध्यक्ष, रूपा यादव एवं धनेश्वरी को कार्यालय सचिव तथा कृष्ण कुमार बरेट को चिकित्सा प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त जारी आदेश में अनेक कर्मचारियों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस गठन का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना तथा कर्मचारियों की समस्याओं, अधिकारों, कार्यस्थल की सुरक्षा और कल्याण से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उठाना है। नवनियुक्त अध्यक्ष विकास शुक्ला ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों का हित, सम्मान और अधिकारों की रक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से संगठन को मजबूत बनाया जाएगा और श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंधन के समक्ष प्रभावी ढंग से बात रखी जाएगी।

बारिश के मौसम में जमीन पर गिरे चालू बिजली के तारों से ग्रामीणों में दहशत

नगोई बछेरा में जर्जर बिजली तार बना खतरा, कभी भी हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नगोई बछेरा में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते ग्रामीणों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। गांव में सर्विस लाइन के खंभों पर लगे बिजली के तार जर्जर होकर कई स्थानों पर टूटकर जमीन पर गिर गए हैं। हैरानी की बात यह है कि ये तार अब भी चालू स्थिति में हैं, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

ग्राम पंचायत नगोई बछेरा के सरपंच ज्योति भूषण पोर्ते ने विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता को पत्र लिखकर बताया कि पंचायत भवन से उपरपारा जाने वाले मार्ग तथा रमेश यादव के घर से नंदू पटेल के घर की ओर लगे सर्विस लाइन के तार कई स्थानों पर टूटकर नीचे गिर चुके हैं। जमीन पर पड़े इन चालू तारों से ग्रामीणों और राहगीरों को लगातार खतरा बना हुआ है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। ग्राम पंचायत द्वारा जर्जर बिजली तारों को बदलने और सुधार कार्य कराने के संबंध में कई बार बिजली विभाग को सूचना दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।



विभाग की इस उदासीनता के कारण ग्रामीणों में नाराजगी और भय का माहौल है। ग्राम पंचायत ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, कटघोरा के अधिकारियों से पुनः मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मौके पर टीम भेजकर टूटे हुए चालू बिजली तारों को बदला जाए तथा आवश्यक सुधार कार्य कराया जाए। पंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया और इन चालू तारों से कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो उससे होने वाली जनहानि, आर्थिक क्षति एवं मुआवजे की जिम्मेदारी संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की होगी। ग्रामीणों ने भी बिजली विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर संभावित हादसे को रोकने की मांग की है।

ईश्तहार

मै जगदीश रत्नाकर अधिवक्ता नवागढ़ अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित किये जाने पर आपको निम्नलिखित आशय का ईश्तहार प्रकाशन करवाना चाहता हूँ :- मेरे पक्षकार मंजु साहू पिता महेन्द्र कुमार साहू पति अमृत लाल साहू एवं गुलशन साहू पिता महेन्द्र कुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम गिद्धा तह. नवागढ़ जिला - जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा रवि कुमार पिता कुंजराम जाति सतनामी निवासी ग्राम सेमरा तह. नवागढ़ के नाम पर मौजा सेमरा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. व तहसील नवागढ़ में अवस्थित भूमि खसरा नंबर 501/5 रकबा 0.162 हैक्टेयर भूमि को खरीदी किया गया है। किसी व्यक्ति, संस्था, समिति, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय बैंक को कोई दावा आपत्ति हो तो इस ईस्तहार प्रकाशन के 15 दिन के भीतर मेरे कार्यालय में दावा आपत्ति कर सकता है। उक्त अवधि के पश्चात् किया गया दावा आपत्ति मान्य नही किया जावेगा।

सो सुचना जाने।

प्रेषक
जगदीश रत्नाकर
अधिवक्ता नवागढ़
जिला - जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)
मो. 7999121574

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 1 नवंबर 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष

श्री खाटूश्याम ज्योतिष दुर्ग

जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र

₹ 101 | ₹ 251

PAYMENT QR CODE

फोन से परामर्श मात्र

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।



खाली वक्त न करें बर्बाद

ऐसे करें सदुपयोग लाइफ बनाएं हैप्पी

हालांकि आज के दौर में लोगों के पास खाली समय यानी स्पेयर टाइम बहुत कम ही बचता है। लेकिन जब भी ऐसा टाइम मिलता है तो लोग उसे अधिकतर वेस्ट ही कर देते हैं। अगर आप इस टाइम का सही तरीके से उपयोग करना सीख जाएं तो आपकी लाइफ हेल्दी-हैप्पी बन जाएगी। आप अपने स्पेयर टाइम को कैसे बेहतर तरीके से यूज कर सकते हैं, यहां दे रहे हैं आपके लिए बहुत उपयोगी सजेशंस।

कवर स्टोरी
रजनी अरोड़ा

वर्तमान डिजिटलाइजेशन के दौर में कहने को किसी भी व्यक्ति के पास खाली समय नहीं होता है। हर कोई हमेशा व्यस्त दिखता है। व्यस्तता के बीच जब कभी खाली समय मिलता भी है तो अधिकतर व्यक्तियों को समझ ही नहीं आता कि वे अपने इस समय का किस तरह सही उपयोग करें? इसीलिए जैसे ही थोड़ा खाली समय मिलता है, मोबाइल हाथ में आ जाता है। रील्स स्क्रॉलिंग शुरू हो जाती है। इसके बादएक वीडियो, दूसरा, तीसरा वीडियो और देखते-देखते दिन के कई घंटे खर्च हो जाते हैं और पता ही नहीं चलता। फिर रात में सोते समय जब दिन भर के कामों को याद करते हैं तो वही पछतावा होता है, आज भी कुछ खास नहीं कर पाए। सारा दिन कैसे बीत जाता है पता ही नहीं चलता।

खाली समय है इंपॉर्टेंट: आप कितना भी व्यस्त रहें, दिन में कुछ खाली समय यानी स्पेयर टाइम तो बचता ही है। वर्किंग टाइम के सही उपयोग के साथ ही यह बात भी बहुत मायने रखती है और व्यक्ति का भविष्य, उसकी खुशहाली इस बात से तय होती है कि वह अपने खाली समय में क्या करता है? यानी अपने स्पेयर टाइम का वह कैसे यूटिलाइज करता है? जब व्यक्ति के पास थोड़ा भी खाली समय होता है तो वह बहुत मूल्यवान होता है, क्योंकि खाली समय ही इंसान को मजबूत बना सकता है या अंदर ही अंदर उसे खोखला कर सकता है। दोनों स्थितियां ही इस बात पर निर्भर करती हैं कि आप अपने स्पेयर टाइम को कैसे उपयोग करते हैं? खुशहाल जीवन जीने के लिए जरूरी है कि व्यस्त दिनचर्या के बावजूद मिलने वाले अपने खाली समय का यथासंभव बेहतर, सकारात्मक और रचनात्मक इस्तेमाल करें।

दिमाग को शांत करना सीखें: आज की भागम-भाग भरी जिंदगी में अकसर इंसान को खुद नहीं पता होता कि वह आखिर भाग कहां रहा है? उसे पहुंचना कहां है? आंख खुलते ही मोबाइल पर नोटिफिकेशन चेक करने से शुरू होकर दिन-रात की भाग-दौड़ और तमाम तरह के काम। इसके चलते इंसान अपने अंदर की आवाज तक नहीं सुन पाता और पूरा दिन यूं ही गुजार देता है। लेकिन समझदार इंसान व्यस्त दिनचर्या के बावजूद कुछ समय निकालकर अंतर्मन की आवाज जरूर सुनता है। यही वो समय होता है, जब इंसान खुद को समझना शुरू करता है। उसे पता चलता है कि वह सच में चाहता क्या है? उसकी कमजोरी क्या है? उसकी असली ताकत क्या है? जो इंसान खुद को समझ जाता है, उसकी जिंदगी सहज और ज्यादा खुशहाल होती है। इसलिए हर व्यक्ति को खाली समय में कुछ देर खुद के साथ बैठना या कहें कि मी-टाइम बिताना चाहिए। शांत बैठकर अपने मन में झांकना चाहिए और उलझनों पर गौर कर उनका समाधान ढूंढ़ना चाहिए। शुरुआत में अजीब लगेगा, बेचैनी होगी, लेकिन धीरे-धीरे निश्चय ही आपका आत्मविश्वास जागेगा।

लक्ष्यों को बार-बार याद करें: अधिकतर लोगों की मेहनत इसलिए सफल नहीं हो पाती क्योंकि उनका लक्ष्य दिमाग में स्पष्ट नहीं होता है। सफल होने के लिए मन में बार-बार लक्ष्य को याद करना भी जरूरी होता है। इसलिए खाली समय को बर्बाद करने के बजाय शांत बैठकर यह सोचना चाहिए कि आप जिंदगी में असल में चाहते क्या हैं, यानी आपका लक्ष्य क्या है? जब तक इंसान को अपनी मंजिल साफ नहीं दिखती, तब तक उसका दिमाग छोटी-छोटी बातों से भटक जाता है। इसलिए अपने लक्ष्य को मन में याद करना जरूरी है। रोज खुद को याद दिलाएं कि आप क्या करना चाहते हैं? कोई काम करना आपने क्यों शुरू किया था? इससे आपको आत्मबल और प्रेरणा मिलेगी। इससे आपके सफल होने की संभावना बहुत बढ़ जाएगी।

सीखें कोई स्पेशल स्किल: आज की दुनिया में सिर्फ मेहनती होना काफी नहीं हैं। आपमें कोई ऐसी स्पेशल स्किल भी होनी चाहिए, जो दूसरों से आपको अलग करे, जिसकी मार्केट में वैल्यू हो, डिमांड हो। लेकिन ज्यादातर लोग कोई स्किल सीखने के बजाय खाली समय यूं ही वेस्ट करते रहते हैं। उन्हें लगता है अभी तो बहुत उम्र पड़ी है, बाद में सीख लेंगे। यही सोच इंसान को असफल बना देती है।







अगर व्यक्ति हर दिन सिर्फ एक घंटा भी किसी स्किल को सीखने में खर्च करे तो एक-डेढ़ साल में ही वह वहां पहुंच सकता है, जहां पहुंचने के लोग सिर्फ सपने देखते हैं। अपनी पसंद और क्षमता के हिसाब से आप एआई हैंडलिंग, कम्युनिकेशन, वीडियो एडिटिंग, नई भाषा, क्रिएटिव राइटिंग, पब्लिक स्पीकिंग या फिर कोई और मनपसंद स्किल सीख सकते हैं। इसकी बदौलत आप भविष्य में शानदार कामयाबी पा सकते हैं।

रिश्तों को बनाएं मजबूत: यह नहीं भूलना चाहिए कि एक कामयाब व्यक्ति सिर्फ पैसा ही नहीं कमाता है, दूसरों का भरोसा भी कमाता है। वह सिर्फ अपने सपनों पर काम नहीं करता, अपने रिश्तों को भी मजबूत बनाता है। आखिर में जिंदगी की सबसे बड़ी दौलत बैंक बैलेंस नहीं, वे लोग होते हैं, जो हर परिस्थिति में आपके साथ खड़े रहते हैं। आज के डिजिटलाइजेशन के दौर में बेशक हम दुनिया से जुड़े हुए दिखते हैं। लेकिन सच यह है कि हम अपनों से दूर होते जा रहे हैं। आभासी दुनिया में बेशुमार लोगों की पोस्ट देखते हैं, लेकिन महीनों तक अपने माता-पिता, भाई-बहन या किसी सच्चे दोस्त के साथ बैठकर दो बातें नहीं करते। जब जिंदगी में मुश्किलें आती हैं तो पैसा नहीं सबसे पहले अपने लोग काम आते हैं। इसलिए बहुत जरूरी है कि खाली समय में आप अपने रिलेटिव्स, फ्रेंड्स के साथ समय बिताएं। उनके दुख-सुख साझा करें, अपने मन की बात करें। हमेशा याद रखें कि रिश्ते पौधों की तरह होते हैं, अगर उन्हें समय पर पानी, खाद, धूप, छांव और प्रॉपर केयर नहीं मिलती, तो वो धीरे-धीरे सूखने लगते हैं और एक दिन इंसान सब कुछ हासिल करके भी अकेला रह जाता है। इसलिए खाली समय का सबसे बेहतर सदुपयोग अपने रिश्तों में गर्माहट लाने में किया जा सकता है।

स्वास्थ्य पर ध्यान दें: आज के दौर में लोग शारीरिक और मानसिक रूप से इसलिए बीमार रहते हैं क्योंकि उनकी जीवनशैली बहुत अस्त- व्यस्त हो चुकी है। रात भर जागना, घंटों मोबाइल देखना, कोई एक्सरसाइज न करना, कई घंटे बैठे रहना। इससे तन ही नहीं मन भी सुस्त और बीमार रहने लगता है। जब तन-मन स्वस्थ फिट महसूस करता है तो उसमें आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसके लिए बड़ा एथलीट बनने की नहीं, रोज अपने शरीर को थोड़ा एक्टिव रखने की जरूरत होती है। जब भी खाली समय मिले, अपनी क्षमता और रुचि के अनुसार वॉकिंग, दौड़ना, एक्सरसाइज, योग या सुबह की धूप में कुछ देर रहना फायदेमंद है। स्पेयर टाइम में की गई आपकी ये एक्टिविटीज आपको हेल्दी ही नहीं हैप्पी भी बनाएंगी। *

उम्र कितनी भी हो जाए आप हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रह सकते हैं। इसके लिए आपको बस अपनी सोच और लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने की जरूरत होती है। कई स्टडीज के आधार पर बता रहे हैं, बढ़ती उम्र में कैसी हो आपकी लाइफस्टाइल, जानिए



बढ़ती उम्र में भी रहेंगे हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक

लाइफस्टाइल
शिखर चंद जैन

उम्र का बढ़ना प्रकृति का शाश्वत नियम है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ जीवन जीने की खुशियां कम नहीं होनी चाहिए। किसी ने क्या खूब कहा है- वक्त की हर एक करवट को मुस्कुरा कर पार कर। उम्र ढलती है तो ढल जाए, तू दिल से प्यार कर। बालों की सफेदी, चेहरे की झुर्रियां और बढ़ती उम्र की गिनती, भले समय के गुजरने का संकेत दें, लेकिन मन का उत्साह, सीखने की ललक, प्रेम करने की क्षमता और सपने देखने का अधिकार, उम्र के मोहताज नहीं होते हैं। असली चुनौती अधिक वर्ष जीने की नहीं, बल्कि उन वर्षों को बेहतर ढंग से जीने की होती है।

शरीर बना रहे सक्रिय: सेवानिवृत्ति या उम्र बढ़ने का अर्थ यह नहीं कि शरीर को आराम कुर्सी सौंपकर स्वयं जीवन से छुट्टी ले ली जाए। नियमित पैदल चलना, अपनी क्षमता के अनुसार व्यायाम, हल्की शक्ति-वर्धक गतिविधियां और संतुलन के अभ्यास शरीर को चुस्त रखने में सहायक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी वृद्धावस्था में शारीरिक सक्रियता को स्वस्थ जीवन का महत्त्वपूर्ण आधार मानता है। 2025 में द लैंसेट पब्लिक हेल्थ में 13 वर्षों तक किए गए एक अध्ययन के आधार पर प्रकाशित रिपोर्ट में 11,804 वृद्ध प्रतिभागियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इसमें शारीरिक गतिविधि, संतुलित जीवनशैली और अनुकूल सामाजिक परिस्थितियों का जीवन की अवधि से संबंध पाया गया। इसलिए उम्र के अनुसार चलना, सीढ़ियां चढ़ना, बागवानी करना या योगाभ्यास करना लाभकारी हो सकता है।

लगातार सीखते रहिए: नई भाषा सीखना, संगीत का अभ्यास करना, मोबाइल की नई सुविधाएं समझना, चित्रकारी करना या किसी विषय पर पढ़ना



मस्तिष्क को सक्रिय रखने के प्रभावी तरीके हैं। सीखने का उद्देश्य जीवन में नवीनता और जिज्ञासा बनाए रखना होता है। याद रखिए, सीखने में संकोच, उम्र को बोझ बनाता है, जबकि जिज्ञासा उसे रोमांचक बना देती है।

रिश्तों में बनी रहे गर्माहट: पैसा, पद और प्रतिष्ठा जीवन को सुविधाजनक बना सकते हैं, लेकिन अकेलेपन को हमेशा दूर नहीं कर सकते। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में किए गए स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट, कई दशकों से लोगों के जीवन और खुशहाली का अध्ययन करता रहा है। इसके निष्कर्षों पर आधारित रॉबर्ट वाल्डिंगर और मार्क शुल्ज की बेस्टसेलर पुस्तक 'द गुड लाइफ' बताती है कि अच्छे संबंध सुखी और स्वस्थ जीवन के महत्त्वपूर्ण आधारों में शामिल हैं। इसलिए बच्चों से बात कीजिए, मित्रों-रिश्तेदारों से मिलिए, जीवनसाथी के साथ चाय पीते हुए बातें कीजिए और पड़ोसियों से आत्मीयता बनाए रखिए। इससे रिश्तों में गर्माहट बनी रहेगी।

अनुभवों से उठाएं लाभ: जीवन के उत्तरार्द्ध में आपके पास अनुभवों का वह खजाना होता है, जिसे कोई विद्यालय या विश्वविद्यालय नहीं दे सकता। अपने पेशे में नए लोगों का मार्गदर्शन कीजिए, बच्चों को कहानियां सुनाइए, अपने अनुभव लिखिए या किसी सामाजिक संस्था से जुड़िए। मनोविज्ञान विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार सीखते रहने से व्यक्ति के भीतर जीवन के प्रति रुचि बनी रहती है।

नियमित कराएं स्वास्थ्य जांच: उम्र बढ़ने पर स्वास्थ्य की देखभाल केवल बीमारी होने पर अस्पताल जाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। संतुलित भोजन, पर्याप्त नींद, नियमित स्वास्थ्य-जांच और डॉक्टर की सलाह से दवाएं लेना जरूरी है। भोजन में सब्जियां, फल, दालें, साबुत अनाज,



पर्याप्त प्रोटीन और उपयुक्त मात्रा में पानी शामिल करें। नमक, अतिरिक्त चीनी और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित रखें।

उम्र की तुलना न करें: कोई सत्तर वर्ष की उम्र में पहाड़ चढ़ रहा है, कोई साठ वर्ष में नई नौकरी शुरू कर रहा है और कोई अस्सी वर्ष में केवल अपने बगीचे की देखभाल करके संतुष्ट है। हर व्यक्ति की शारीरिक क्षमता, परिस्थितियां, आर्थिक स्थिति और रुचियां अलग हैं। इसलिए दूसरे की सक्रियता को देखकर स्वयं को असफल न मानें। यदि पहले आप एक किलोमीटर चलते थे और अब पांच सौ मीटर चल पाते हैं, तो अपनी वर्तमान क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय कीजिए। आवश्यकता पड़ने पर लक्ष्य बदलना हार नहीं, समझदारी है।

जीवन में बनाए रखें उत्सवधर्मिता: त्योहार मनाने, अच्छे कपड़े पहनने, मित्रों को घर बुलाने, संगीत सुनने, धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लेने और हंसी-मजाक करने के लिए किसी खास उम्र की जरूरत नहीं होती। अपनी रुचि के अनुसार प्रार्थना, ध्यान, प्रकृति के बीच समय बिताना या सेवा-कार्य अपनाइए। हास्य जीवन की कठिनाइयों से निपटने की हमारी क्षमता को सहारा दे सकता है। स्वयं की छोटी-मोटी भूलों पर मुस्कराना सीखिए। बच्चों और युवाओं के साथ समय बिताइए। *



गजल
अब्दुल कलाम

तबाह की हमने

कैसे कैसों से निबाह की हमने
रातें पुरनम की सियाह की हमने
एक पत्थर से दिल लगाया
जिंदगी अपनी तबाह की हमने
आलम ए बेहोशी का दौर रहा
उनके रुख जो निगाह की हमने
उनके सितम सर-आंखों पे लिए
जिनसे रस्म ओ राह की हमने
उसने कांधों पे जब भी हाथ रखा
फिर न जहां की परवाह की हमने
जख्म नासूर बनकर रिसते रहे
कसम खुदा की न आह की हमने

व्यंग्य
डॉ. मुकेश 'असीमित'

दीवाली ऑफर!



दीवाली नजदीक आ गई है। इसका पता मुझे कैलेंडर देखकर नहीं, बल्कि तब चला, जब बाजार बिन बुलाए मेहमान की तरह मेरे दरवाजे पर दस्तक देने लगा। नून-तेल से लेकर कंघी बेचने वाली कंपनियां मेरी दीवाली यादगार बनाने के लिए मुझ पर सवार हो रही हैं। कोई एक पर एक फ्री दे रहा है, कोई एक पर दो। मेरी जेब की हालत-ए-सूरत समझकर कोई लोन देने को तैयार है, कोई ईएमआई की सुविधा दे रहा है। क्रेडिट कार्ड से भुगतान करूं तो अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। इतनी निःस्वार्थ सेवा देखकर लगता है, देश में परोपकार अभी जीवित है।

कोई कंपनी नकली मावे और यूरिया युक्त मिठाइयों से मेरा मुंह मीठा कराना चाहती है। कोई मेरे फटे जूते बदलने को आतुर है, तो कोई मुझे नए कपड़े पहनाना चाहती है। मेरी इतनी फिक्र तो बचपन में मां ने भी नहीं की और शादी के बाद पत्नी ने भी नहीं।

हद तो तब हो गई, जब एक कंपनी ने मेरी ओर से खुद ही ऑर्डर दे दिया। एक रोज अचानक फोन आया, 'सर, आपका ग्यारह सौ रुपए का पार्सल है। कहां डिलीवर करना है?'

मैंने पूछा, 'मैंने क्या मंगवाया है?'

'सर, जूते लग रहे हैं।' उसने जवाब दिया।

मैंने पत्नी से पूछा, 'तुमने जूते मंगवाए क्या?'

वे भड़क गईं, 'पागल हो गए हो? अभी पुराने जूते इतने भी पुराने नहीं हुए। दीवाली के बाद आफ्टर सेल लगेगी, तब देखेंगे। जरूर तुमने खुद मंगवाए होंगे। मुझे बुद्धू बना रहे हो!'

मैं चुपचाप खिसक लिया। सोचने लगा, जिन जूतों के लिए पत्नी दो दीवाली से मुझे टरका रही है, उनकी चिंता किसी अनजान कंपनी को है! आखिर उसे पता कैसे चला कि मेरे जूते फट गए हैं?

श्रीमती जी का तर्क है कि मुझे नई-पुरानी चीजों में अंतर समझ नहीं आता, इसलिए मेरे लिए कुछ बदलने का लाभ नहीं। बात सही है। जब पति का पच्चीस साल पुराना मॉडल बिना बदले चल रहा है, तो जूतों को बदलने की क्या आवश्यकता? बेचारी पत्नी भी क्या करे! बाजार में कपड़ों, जूतों और मोबाइल के एक्सचेंज ऑफर हैं, पति के नहीं। इस मामले में कंपनियां भी हाथ खड़े कर चुकी हैं।

खैर, मुझे लगा कृत्रिम बुद्धिमत्ता इतनी विकसित हो गई है कि कंपनियां ग्राहक की जरूरत उससे पहले जान लेती हैं। ऊपर से कैश ऑन डिलीवरी की सुविधा! पहले सामान पकड़िए, फिर पैसे दीजिए। विश्वास की इससे बड़ी मिसाल क्या होगी? मैंने ग्यारह सौ रुपए चुकाए और पैकेट लेकर मुस्कुराता पत्नी के सामने पहुंचा, 'देखो, जिन जूतों के लिए तुमसे दो साल गुहार लगाई, वह कंपनी ने सुन ली!' पत्नी कभी मुझे देखतीं, कभी पैकेट को। मैंने गर्व से पैकेट खोला। अंदर एक जूता था। सिर्फ एक! वह भी दाएं पैर का। पत्नी चिल्लाईं, 'हे भगवान! दूसरा कहां है?' मैंने जूते को गौर से देखा। उसकी हालत ऐसी थी, मानो किसी मंदिर के बाहर से उठाकर भेज दिया गया हो।

अब संभावनाएं अनेक थीं। शायद कंपनी समझती हो कि मेरा बायां पैर नहीं है। संभव है, दूसरा जूता अभी निर्माणाधीन हो। हो सकता है, किसी दूसरे ग्राहक को भेज दिया गया हो। यह भी संभव है कि डिलीवरी बॉय को दूसरा जूता पसंद आ गया हो।

फिर विचार आया, कहीं कंपनी ने जूता पहनने के बजाय चलाने के लिए तो नहीं भेजा? या जूते खाने के लिए? मन आशंकाओं का कारखाना है, उत्पादन कभी बंद नहीं होता। बिल पर दिए नंबर पर फोन लगाया। व्यस्त मिला। अच्छी कंपनियों के फोन व्यस्त ही रहते हैं। आखिर मेरे जैसे हजारों ग्राहकों की सेवा का भार जो है! अब तीन दिन से फोन मिला रहा हूं। कंपनी शायद दूसरे ग्राहकों की दीवाली यादगार बनाने में व्यस्त है। मैं आशावादी आदमी हूं। उम्मीद है, अगली दीवाली तक दूसरा जूता भी आ जाएगा। तब तक पहला सुरक्षित रखूंगा।

इधर दूसरी कंपनियां भी पीछे पड़ी हैं। कोई घड़ी भेजना चाहती है, कोई परफ्यूम, कोई हेयर ड्रायर। मैं साहित्यिक पत्रिका के संपादक की तरह सबके प्रस्ताव खेद सहित अस्वीकार कर रहा हूं। उनके प्रेम को ठुकराते हुए दुःख अवश्य होता है। लेकिन जिस कंपनी ने सबसे पहले मुझसे प्रेम किया, उसे जीवन भर नहीं भूलूंगा। आखिर पहला प्यार, पहला ही होता है जी! बस फर्क इतना है कि इस प्रेम में दिल नहीं, दाएं पैर का जूता मिला है। *

लघुकथा / कृति आर. के. जैन

अपूर्ण विराम



नगर निगम का बुलडोजर ठीक आठ बजे पहुंचा। भीड़ तमाशा देखने खड़ी थी, पर एक बूढ़ा आदमी अपनी किताबों की जर्जर दुकान के सामने निर्विकार बैठा था। अधिकारी ने कहा, 'बाबा, हट जाइए। आधे घंटे में सब मलबा हो जाएगा।'

बूढ़ा मुस्कुराया, 'चालीस साल पहले भी यहां मलबा था, तब मैंने ईंटें नहीं, किताबें रखी थीं।'

बुलडोजर गरजा। लकड़ी की अलमारियां बिखर गईं। धूल का गुबार उठा। लोग मोबाइल निकालकर वीडियो बनाने लगे। तभी पास से एक छोटी बच्ची दौड़ती हुई आई। उसके हाथ में धूल से सनी एक कहानी की किताब थी। उसने कांपती आवाज में पूछा, 'दादाजी, यह दुकान फिर खुलेगी न? मैंने अभी यह किताब पूरी नहीं पढ़ी।'

बूढ़े ने किताब ली। उस पर जमी धूल धीरे-धीरे फूंककर हटाई, जैसे किसी बच्चे के माथे से उदासी हटा रहा हो। फिर बोला, 'दुकानें टूटती हैं बिटिया, कहानियां नहीं।' अगली सुबह उसी टूटी हुई जगह पर एक पुरानी चादर बिछी थी। उस पर वही किताबें फिर सजी थीं और सबसे ऊपर एक कागज रखा था, जिस पर लिखा था, 'कल दीवारें गिर गई थीं, आज हिम्मत ने फिर दुकान खोल ली है।' उस दिन लोगों ने वहां से किताबें कम खरीदीं, उम्मीदें ज्यादा ले गए। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

जगजीत सिंह की जीवनी



गजल गायकी के सम्राट कहे जाने वाले जगजीत सिंह ने देश ही नहीं पूरी दुनिया में भरपूर मकबूलियत हासिल की। लेकिन अपनी आवाज से लाखों-करोड़ों लोगों को दीवाना बनाने वाले जगजीत का जीवन नाम-शोहरत की चकाचौंध के साथ ही कई चुनौतियों और दुखों से भी भरा रहा। उनके जीवन के तमाम स्याह और चमकदार पक्षों को सामने लाती है, हाल में छपकर आई किताब 'जगजीत (जिंदगी का सफर)', जिसके लेखक हैं वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार शुक्ला। कुल दस अध्यायों में विभाजित इस किताब में उनके जन्म से लेकर अंतिम सांस लेने तक के जिंदगी के सफर को संक्षिप्त तरीके से प्रस्तुत किया गया है। कैसे वे शुरुआती दौर में डांस किया करते थे, किस तरह गायन के क्षेत्र में पदार्पण किया, कैसे गजल गायकी में आगाज किया, किस तरह संयोग से चित्रा दत्ता से मुलाकात हुई, फिर कैसे वे जगजीत की जीवन और गायन संगिनी बनीं? ऐसे ही जगजीत सिंह के जीवन से जुड़े तमाम पहलुओं को लेखक ने इस किताब में संजोया है। कह सकते हैं यह किताब गीत-संगीत को समर्पित एक सुर साधक की जीवन-साधना को बहुत मार्मिकता से व्यक्त करती है। *

पुस्तक: जगजीत (जिंदगी का सफर),
लेखक: प्रदीप कुमार शुक्ला, मूल्य: 245 रुपए,
प्रकाशक: इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 1 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने लगाई दौड़
6





खबर संक्षेप

कलेक्टर ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

सक्ती। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाजंग एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती का कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन द्वारा शनिवार 31 अक्टूबर को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाजंग के प्राचार्य को विद्यार्थियों की उपस्थिति में सुधार लाने हेतु पालकों से संपर्क करने तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान कराए जाने के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती में प्राचार्यों से शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने, स्मार्ट क्लास के माध्यम से विधार्थियो को अध्ययन कराने एवं कार्ययोजना बनाकर अध्यापन कार्य कराते हुए बेहतर परिणाम लाने की दिशा मे कार्य करने के निर्देश सभी संस्था प्रमुख को दिए। कलेक्टर ने डीईओ, बीईओ सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराए जाने निर्देश दिए।

जिला स्तरीय राज्योत्सव के मुख्य अतिथि होंगे कौशिक

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 नवम्बर को जिला मुख्यालय स्थित शासकीय हाईस्कूल मैदान, जांजगीर में जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक होंगे। राज्योत्सव की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं एसपी विजय कुमार पांडेय ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए विभागों को सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, प्रवेश द्वार, विभागीय स्टॉल, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी तैयारियां समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिले में विशेष ग्राम सभा का आयोजन आज से

जांजगीर-चांपा। जिले में विशेष ग्राम सभा का आयोजन 1 से 5 नवंबर तक होगा। इस दौरान किसानों के पंजीकृत खसरों में डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से दर्ज फसल विवरण का वाचन किया जाएगा। साथ ही एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत सभी किसानों का विवरण 1 नवंबर से आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में पढ़कर सुनाया जाएगा। इसके साथ ही पंजीकृत किसानों की सूची ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर आम नागरिकों के अवलोकन के लिए चस्पा की जाएगी। विशेष ग्राम सभा में किसानों के पंजीकृत खसरों में डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से दर्ज फसल विवरण का भी वाचन किया जाएगा। इस दौरान सोसाइटी मॉड्यूल के माध्यम से ऐसे पंजीकृत किसानों और उनके खसरों की सूची प्रकाशित कर पढ़कर सुनाई जाएगी, जिनमें धान विक्रय किया जाना है।

सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लॉक में क्रमोन्नत वेतनमान का मामला

शासन का 7 करोड़ से अधिक दबाए बैठे हैं 41 शिक्षक, आदेश के बाद भी रिकव्हरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर



जनपद पंचायत जैजैपुर में पदस्थ 41 सहायक शिक्षक पंचायत संवर्ग के क्रमोन्नत वेतनमान की आड़ में समान पद-समान वेतनमान के नाम पर गलत तरीके से आर्थिक लाभ लेने के मामले में शासन के आदेश के बावजूद रिकव्हरी नहीं हो पा रही है। बताया जाता है कि तकरीबन 41 सहायक शिक्षकों से लगभग 7 करोड़ की वसूली प्रशासनिक स्तर पर की जानी है, जिसमें एक-एक शिक्षक से लगभग 15 से 18 लाख रुपए से अधिक की वसूली होनी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इसको लेकर गंभीर नहीं है और पूरी फाइल धूल खाते पड़ी हुई है।

गौरतलब है कि जैजैपुर ब्लाक के विभिन्न प्राथमिक शालाओं में वर्ष 1998 से सहायक शिक्षक पंचायत के रूप में सेवा दे रहे 41 शिक्षको की सेवा अवधि 10 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद पंचायत जैजैपुर द्वारा 19 नवंबर 2015 को क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत किया गया। जिसके चलते यह शिक्षक समान काम समान वेतनमान के रुप में वर्ष 2016 से 2021 तक आर्थिक लाभ ले रहे थे। इस वजह से शासन को करोड़ों की क्षति हुई है। छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेश क्रमांक 411 दिनांक 22/2011 के परिपालन में जनपद पंचायत के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर एस एस राज ने उन सहायक शिक्षक पंचायत को चिन्हांकित कर तत्कालीन विकास खंड शिक्षा अधिकारी को 2 दिसंबर 2016 को पत्र जारी कर उनसे राशि की गणना कर वेतन से वसूली करने आदेश जारी किया था। जिसमें स्पष्ट किया था कि 1 नवंबर 2011 से 30 अप्रैल 2013 तक ही क्रमोन्नत वेतन मान का आदेश प्रभावशील था, परंतु संबंधित शिक्षकों ने न्यायालय में मामला लंबित होने का हवाला देकर अधिकारियों की वसूली कार्यवाही पर विराम लगा रखा था। इधर उच्च न्यायालय बिलासपुर ने 5 मई को स्पष्ट तौर पर आदेश पारित किया है कि सहायक शिक्षक पंचायत को स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक के बराबर 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर समान शिक्षकों के बराबर वेतन एवं लाभ पाने के अधिकारी नहीं है। ऐसे में अब इन शिक्षकों से राशि की वसूली की जानी है। बताया जाता है कि जैजैपुर ब्लाक के 41 शिक्षकों पर लगभग 7 करोड़ की वसूली की जानी है। एक शिक्षक से लगभग 15 से 18 लाख रुपए की वसूली होनी है। पूर्व में सहायक शिक्षक पंचायत से वसूली को लेकर कलेक्टर एवं विभाग के अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर अविलंब कार्यवाही करने कहा गया था। इतना ही नहीं बीते मई महीने में उच्च न्यायालय से भी शासन के पक्ष में आदेश जारी हुआ है, लेकिन इन सबके बाद भी रिकव्हरी नहीं हो पाई है। उच्चाधिकारियों द्वारा जारी किए गए आदेश विभाग के ठंडे बस्ते में धूल खाते पड़ी हुई है।

लेंगे जानकारी

यह विषय मेरी जानकारी में नहीं था। मामला संज्ञान में आया है। शाखा प्रभारी से जानकारी लेकर प्रशासनिक स्तर पर ठोस पहल करते हुए विधिवत वसूली की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

-विजय टांडे,
जिला शिक्षा अधिकारी, सक्ती

शबरी पुल पर लग रहा जाम, कई किमी तक लगी वाहनों की कतार

भारी वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग का नहीं कर रहे उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शबरी पुल पर इन दिनों लंबा जाम लग रहा है। कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग रही है। पुल पर रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुल पर वाहनों की कतार कई किलोमीटर तक पहुंच रही है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। जाम के कारण लोगों को घंटों सड़क पर फंसे रहना पड़ रहा है।

प्रशासन ने शबरी पुल की हालत देखते हुए बड़े वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाते हुए उन्हें वैकल्पिक मार्गों से डाइवर्ट करने के आदेश दिए हैं। इसके बावजूद रोजाना सैकड़ों बड़े वाहन पुल पार कर रहे हैं। प्रतिबंध के बावजूद वाहनों के पुल से गुजरने के कारण यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है और रोजाना जाम जैसे हालात बन रहे हैं। शनिवार 31 अक्टूबर को भी जाम के कारण लोगों को हलाकान होना पड़ा। शबरी पुल जांजगीर-चांपा और बलौदा को जिले को जोड़ता है। ऐसे में दोनों जिले के लोग इस पुल का प्रतिदिन उपयोग करते है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर वाहनों की बढ़ती संख्या और नियमों की अनदेखी के कारण समस्या गंभीर होती जा रही है। जाम के चलते स्कूली बच्चों, कर्मचारियों, मरीजों और जरूरी काम से आने-जाने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। लोगों ने प्रशासन से बड़े वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाने और वैकल्पिक मार्गों पर वाहनों को डाइवर्ट कराने की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की है।



शबरी पुल पर लगी वाहनों की कतार।

धारदार हथियार लेकर आने जाने वालो को डराने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

जांजगीर-चांपा। धारदार हथियार लेकर आने जाने वालो को डराने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1 नग चाकू बरामद की गई है। थाना सिटी कोतवाली से पुलिस टीम को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि केरा रोड खोखरा नहर पुल के पास एक व्यक्ति धारदार हथियार लेकर लोगों को मारने के लिए दौड़ा रहा है और आने जाने वालों को हथियार लहरा कर डरा रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर पुलिस ने युवक को पकड़ा। युवक की पहचान हिमांशु डहरिया ऊर्फ मोनू निवासी भाठापारा जांजगीर के रुप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से एक नग चाकू जप्त किया। आरोपी के विरुद्ध 25,27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर,आरक्षक संतुका खुटे, दिलीप सिंह का योगदान रहा।

कापन-मुड़पार मार्ग पर पुलिया के पास गहरा गड्ढा दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



सड़क पर बना जानलेवा गड्ढा।

अकलतरा क्षेत्र के ग्राम कापन-मुड़पार मार्ग पर पुलिया के समीप सड़क का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर गहरे गड्ढे में तब्दील हो गया है। पिछले करीब तीन महीने से सड़क की यह बदहाल स्थिति बनी हुई है, लेकिन अब तक संबंधित विभाग द्वारा मरम्मत की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। सड़क पर बना यह गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बना हुआ है।

खास बात

- ग्रामीणों और स्कूली बच्चों पर मंडरा रहा खतरा, जिम्मेदार विभाग की उदासीनता से लोगों में नाराजगी

उल्लेखनीय है कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों के साथ स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। पुलिया के समीप सड़क का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से किसी भी समय गंभीर दुर्घटना हो सकती है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यहां से गुजरना जोखिम भरा बना हुआ है। बारिश के दौरान गड्ढे में पानी भर जाने से उसकी वास्तविक गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, वहीं रात के अंधेरे में यह खतरा और भी बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, इसके बावजूद मरम्मत नहीं होने से लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि कापन-मुड़पार मार्ग पर पुलिया के समीप क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके और किसी अप्रिय घटना की आशंका को टाला जा सके।

निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद स्कूल से 30 सेंटरिंग प्लेट चोरी, छह आरोपी गिरफ्तार

हसौद। स्वामी आत्मानंद शासकीय स्कूल के निर्माणाधीन भवन से 30 लोहे के सेंटरिंग प्लेट चोरी करने के मामले में हसौद पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गए सभी प्लेट बरामद करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी जब्त की हैं। सभी आरोपियों को 31 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मुड़पार निवासी बंशी साहू ने हसौद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि स्कूल के नए भवन निर्माण के लिए छत ढलाई में उपयोग होने वाले सेंटरिंग प्लेट निर्माणाधीन कमरे में रखे गए थे। भवन में खिड़की-दरवाजे नहीं होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोर 30 प्लेट चोरी कर ले गए थे। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें चोरी में उनकी संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने इस मामले में फिरत कुमार नागेश, रमेश कुमार साहू, रविशंकर बर्मन, रवि यादव एवं कुमार सिंह चौहान (सभी निवासी हसौद) तथा सुभाष खूंटे निवासी धमनी को गिरफ्तार किया है।

कोहरे की चादर...

शिवरीनारायण। क्षेत्र में दो दिनों तक हुई तूफानी बारिश और आसमान से बादलों के छंटने के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला। शनिवार की सुबह ठंड के मौसम का पहला धुंध नजर आया। सुबह के समय नगर सहित आसपास के इलाकों में कोहरे की चादर छाई रही, जिससे दूर तक की सड़कें स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थीं। सड़कों पर दूर तक दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को भी सावधानी बरतनी पड़ी। खासकर सुबह के समय आवागमन करने वाले लोगों को सड़क पर आगे का रास्ता स्पष्ट नजर नहीं आ रहा था।



सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के संबंध में दी गई जानकारी

जांजगीर-चांपा। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-02, जांजगीर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को बालिका शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दी गई।

फसल की क्षति का आंकलन करने खेतों में उतरे अफसर



खेत का मुआयना कर किसानों से जानकारी लेते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में विगत दिनों में अर्नब चक्रवात के कारण विभिन्न स्थानों पर फसलों में क्षति की सूचना प्राप्त हुई है। कलेक्टर सक्ती द्वारा सभी एस डी एम, तहसीलदार, कृषि विभाग सहित संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को वास्तविक फसल क्षति का आकलन कर पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा और बीमा का लाभ दिलाने हेतु निर्देश दिए हैं। क्षति का आंकलन करने अधिकारी अब खेतों तक पहुंच रहे है।

उप संचालक कृषि सक्ती द्वारा विकासखंड मालखरौदा के ग्राम बंदोरा, पोता एवं करिगांव में कृषकों के फसल क्षति का सर्वेक्षण किया गया। उप संचालक कृषि सक्ती द्वारा कृषकों को खेतों से जल निकासी की अतिशीघ्र व्यवस्था कर जल निकास करने की सलाह दी गई एवं बीमित कृषकों को टोल फ्री नंबर 14447 पर सही एवं वास्तविक सूचना देने हेतु जानकारी दी गई। साथ ही कृषि विभाग के मैदानी अमलों को जिले के कृषकों से सतत संपर्क कर फसल क्षति का सर्वेक्षण करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर सरपंच बंदोरा, सरपंच ग्राम करिगांव, जिला प्रतिनिधि बजाज जनरल इंश्योरेंस कंपनी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड मालखरौदा, कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इसी प्रकार विकासखंड डभरा के ग्राम पुटीडीह, भेड़ीकोना एवं गोबरा में कृषकों के फसल क्षति का सर्वेक्षण किया गया। मौके पर ग्राम सरपंच, जिला प्रतिनिधि बजाज जनरल इंश्योरेंस कंपनी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड डभरा, कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला सहित विभिन्न विधाओं में किया प्रदर्शन

महोत्सव में युवाओं ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



महोत्सव के दौरान प्रस्तुति देते युवा।

युवाओं की प्रतिभा, संस्कृति और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला पंचायत में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े शामिल हुईं। महोत्सव में युवाओं ने लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

युवा महोत्सव के अंतर्गत विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज और पारंपरिक वेशभूषा सहित विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन किया। युवाओं ने जहां रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर संस्कृति की छटा बिखेरी वहीं चित्रकला और कविता लेखन के माध्यम से अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने युवाओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें अपनी रचनात्मकता और कौशल के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सांसद, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका जांजगीर-नैला उपाध्यक्ष मोहन यादव, अमर सुल्तानिया, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, इंजी. रवि पांडेय, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ऋचा सिंह, जिला खेल अधिकारी श्रीमती पुष्पलता कोरी दिवाकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक यादव ने किया।

खबर संक्षेप

भागवत कथा के दौरान रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



जांजगीर-चांपा। चाम्पा नगर के आदर्श नगर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा की अविरल धारा बह रही है। कथा के सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी विवाह का मनोहारी प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सदस्य राजकुमार साहू भी कथा श्रवण करने पहुंचे और व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। चाम्पा नगर के आदर्श नगर स्थित श्री रामेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा में बिलासपुर के सुप्रसिद्ध कथा वाचक अमर कृष्ण महाराज अपने श्रीमुख से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भागवत महात्म्य एवं विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का संगीतमय वर्णन कराया गया। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिवस जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के राजकुमार साहू रूखमणी विवाह प्रसंग सुनने पहुंचे। श्री साहू ने ब्यासपीठ का आशीर्वाद ले विधिवत पूजा अर्चना कर नगर की खुशहाली की कामना किये। आयोजकों द्वारा नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कथा श्रवण करने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। इस दौरान समिति के विवेक केशरवानी, उमेश सिंह, लखन जलतारे, मनमोहन चंद्रा, लक्ष्मीकांत राठौर, प्रवीण साहू, गणेश श्रीवास, रामकुमार चंदेल, बाबूलाल चंद्रा, मनोज सिंह, सोमनाथ चन्द्रा, भाष्कर चंद्रा, आनंद सोनी, विजय बरेठ, रामकुमार यादव, महेश चंद्रा बद्रिका राठौर, पार्षद संत सोनंत,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

समाज कल्याण विभाग ने वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण का किया वितरण



सक्ती। ग्राम पंचायत जांजग में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से विभिन्न दिव्यांगजनो व वृद्धजनों को आवश्यक सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप छड़ी, व्हीलचेयर एवं स्टिक प्रदान की गई, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में आवागमन करने तथा अपने कार्यों को अधिक सहजता एवं सुगमता से संपन्न करने में सहायता मिल सकेगी। इस प्रकार के प्रयास जरूरतमंद हितग्राहियों के जीवन को सरल बनाने के साथ-साथ समाज में संवेदनशीलता, सहयोग एवं समावेशिता की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति शासन द्वारा संचालित योजनाओं से वंचित न रहे। इस अवसर पर जनपद पंचायत सक्ती सदस्य श्रीमती प्रतिभा मेहरा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी लालेश्वर सिंह मेहरा, समाज कल्याण विभाग अधिकारी मेवालाल झारिया व विभिन्न हितग्राही उपस्थित रहे।

नवाचारी शिक्षिका चंद्रिका पटेल प्रतिभा सम्मान से सम्मानित

खरौद। बीबी फातिमा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा ओम सिटी, चांपा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों के क्रम में शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक एवं नवाचारी शिक्षिका श्रीमती चंद्रिका पटेल को शाल, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के साथ ही महाविद्यालय स्तर के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायगढ़ की महाप्रबंधक अंजू नायक, ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल-अकलतरा की प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह तथा एवरेस्ट विजेता पर्वतारोही अमिता श्रीवास उपस्थित रहीं।

चार दिन से लापता युवक की नहर में मिली लाश

कोरबा। कोतवाली थाना क्षेत्र के इमलीडुग्गू निवासी सतीश रजक की लाश बरामद की गई है। मृतक की पहचान इमलीडुग्गू निवासी सतीश रजक के रूप में हुई है। युवक मंगलवार की शाम से लापता था। परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका था। जानकारी के अनुसार, सतीश रजक मंगलवार की शाम बिना किसी को बताए घर से निकला था। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने लगाई दौड़



एकता दौड़ के लिए एकत्र हुए अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय एकता दिवस पर जांजगीर में आयोजित एकता दौड़ में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पुलिसकर्मियों और स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस पर जांजगीर में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले सहित जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया गया। जिला मुख्यालय में शनिवार सुबह 7 बजे नेताजी चौक से एकता दौड़ की शुरुआत हुई। दौड़ कचहरी चौक होते हुए मुख्य मार्ग से हाईस्कूल मैदान के सामने स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल गार्डन पहुंची। यहां सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर सरदार पटेल ने अखंड भारत की मजबूत नींव रखी। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। एकता दौड़ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. यूलैंडन यार्क, जेल अधीक्षक डीडी टोंडर, डीएसपी अजाक सतरूपा तारम, सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे, जिला सेनानी योगिता साहू, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक सावन कुमार सारथी और कोतवाली थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस दौड़ के माध्यम से युवाओं और विद्यार्थियों को सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने तथा देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत बनाने प्रेरित किया गया।

लौह पुरुष को सर्व कुर्मी समाज ने अर्पित की पुष्पांजलि



पामगढ़। राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार लौह पुरुष, कुर्मी कुल गौरव, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151 जयंती के अवसर पर चंडीपारा चौक में स्थित प्रतिमा पर सर्व कुर्मी समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर पुष्पांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित समाज प्रमुखों एवं जन प्रतिनिधियों ने उनके व्यक्तित्व पर विचार करते हुए उनके द्वारा देश हित मे किये गये एकीकरण,राष्ट्र निर्माण में दिये गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामप्रसाद कुर्मी, ब्यास वर्मा, फिरत कुर्मी, गुहा राम कश्यप, डॉ हेमंत कश्यप, गुलाब सिंह चंदेल, गुरुदयाल पाटले, दिनेश थवाईत, कमलेश कश्यप, जगेश्वर कश्यप, रामेश्वर कश्यप, साखी राम कश्यप, राजकुमार कौशिक, डॉ भरत कश्यप, सुश्री शारदा कश्यप, सीताराम कश्यप, पी एल कौशिक, श्रीमती सुमन कौशिक, दिनेश कश्यप, पृथ्वी कश्यप, फूलसाय कश्यप, देव कश्यप, महेंद्र कश्यप सुरेंद्र कश्यप, जुगनू वर्मा, दिल सिंह, उदल कश्यप, गोपाल कौशिक सहित सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सरदार पटेल जयंती पर शिवरीनारायण में निकला राष्ट्रीय एकता मार्च



शिवरीनारायण। देश की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को शिवरीनारायण में राष्ट्रीय एकता मार्च का आयोजन किया गया। शिवरीनारायण थाना एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 7 बजे नगर के मुख्य मार्ग पर एकता परेड निकाली गई। इसमें पुलिस टीम, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एकता मार्च के माध्यम से देश की एकता, अखंडता, आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। मार्च में शामिल लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एकता परेड का भी देशभर में सीधा प्रसारण किया गया। इसी कड़ी में शिवरीनारायण थाना द्वारा स्थानीय तक्ष मल्टीप्लेक्स में शाम 5 बजे से राष्ट्रीय एकता परेड के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी।



बच्चों को बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह और लैंगिक अपराधों से बचाव की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- सुरक्षित बचपन अभियान के तहत आदिवासी बालक छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

बच्चों को उनके अधिकारों एवं कानूनों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें शोषण और अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सुरक्षित बचपन अभियान के तहत 29 अक्टूबर, गुरुवार को शासकीय प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बिर्रा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पैरालीगल वॉलंटियर रमेश कुमार दिवाकर ने बच्चों को सुरक्षित बचपन अभियान, मेरा बचपन-मेरा अधिकार, कानून जानो-बचपन बचाओ, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बच्चों के अनुकूल विधिक सेवाओं, प्रसव पूर्व लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम तथा बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।वहीं पैरालीगल वॉलंटियर सहदेव दास महंत ने सुरक्षित क्लिक-सुरक्षित बचपन, बोलो-बताओ-बचाओ, बाल विवाह एवं बाल शोषण की रोकथाम, जागरूक बचपन-सशक्त भारत, दहेज हत्या, दहेज प्रथा, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक पीड़िताओं को मिलने वाली विधिक सहायता तथा स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में बताया।इस अवसर पर पुलिस थाना बिर्रा के प्रधान आरक्षक गौतम गोविन्द पाण्डेय ने विद्यार्थियों को अपराधों से दूर रहने तथा अपने करियर और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की समझाइश दी। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणाम, गुड टच-बैड टच, मौलिक अधिकार, शिक्षा का अधिकार और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी जानकारी दी। शिविर में बच्चों को जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक कृष्ण कुमार राज सहित छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर में सुरक्षित यातायात और नशामुक्त जीवन अपनाने का दिया संदेश

चांपा। स्कूली बच्चों को यातायात नियमों, साइबर अपराधों और नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चांपा पुलिस ने सराहनीय पहल की। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं निरीक्षक कमलेश कुमार सेन्डे के नेतृत्व में थाना चांपा पुलिस द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, चांपा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, साइबर ठगी से बचने, बालक-बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति सतर्क रहने तथा नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों को बताया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन नहीं चलाना चाहिए, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने से बचना चाहिए तथा मोटरसाइकिल चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना चाहिए। उन्हें समझाया गया कि यातायात नियमों की अनदेखी न केवल स्वयं, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए भी खतरा बन सकती है।इसी तरह साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए विद्यार्थियों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, किसी के साथ ओटीपी साझा नहीं करने तथा अपनी निजी जानकारी गोपनीय रखने की सलाह दी गई। पुलिस ने बच्चों को बालक-बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति सजग रहने और किसी भी अनुचित व्यवहार की जानकारी तत्काल अपने अभिभावकों अथवा पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। चांपा पुलिस का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षा, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, ताकि वे स्वयं सुरक्षित रहने के साथ ही समाज को भी सुरक्षित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

हिन्दू समाज को संगठित करना समय की आवश्यकता : पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- संघ के 101 वें वर्ष पर कोटमी सोनार में विजयादशमी उत्सव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल कोटमी सोनार द्वारा शनिवार को विजयादशमी उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा नगर में पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम में जिला संघचालक हेमलाल सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य सर्वेश्वर दास महाराज ने की, वहीं मुख्य वक्ता के रूप में जिला सह कार्यवाह घनश्याम पटेल शामिल हुए। मुख्य वक्ता घनश्याम पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतिवर्ष विजयादशमी उत्सव मनाता आ रहा है। संघ की यात्रा केवल एक संगठन की यात्रा नहीं, बल्कि एक विचार की यात्रा है। यह राष्ट्रीयता और राष्ट्र प्रथम की भावना का विचार है, जिसे प्रत्येक भारतीय के मन में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर हिन्दू समाज को संगठित करना होगा। संघ आज अपने 101वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और वर्षों से किए जा रहे संघ के परिश्रम एवं साधना के परिणाम आज समाज में दिखाई दे रहे हैं। भारत एक मजबूत राष्ट्र है और इसे और अधिक सशक्त बनाने के लिए समाज की सामूहिक भूमिका महत्वपूर्ण है। इस दौरान वक्ताओं ने संघ के पंच परिवर्तन के विषयों पर भी अपने विचार रखे और सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भाव तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।



पथ संचलन करते स्वयं सेवक।

कार्यक्रम में संजय पटेल द्वारा गीत प्रस्तुति, शुभम वस्त्रकार द्वारा सुभाषित प्रस्तुति, श्रीकांत सोनी द्वारा अमृत वचन प्रस्तुति दी गई एवं मुख्य शिक्षक की भूमिका ललित सोनी ने निभाई। उत्सव के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा अनुशासित पथ संचलन निकाला गया, जो गोड़पारा, बाजारपारा, मझोतपारा, बेड़ापारा, सोनारपारा, हटरी चौक एवं कुम्हारपारा से होते हुए कार्यक्रम स्थल श्रीराम चौक, शुभम कॉम्प्लेक्स पहुंचा। इस अवसर पर रामशंकर सोनी, फूल सिंह, सुरेन्द्र दुबे, नूतन थवाईत, तोमर सिंह, गुलशन सिंह, भूपेंद्र सिंगरवा, सुबोध थवाईत, राकेश शर्मा, महेश्वर शुक्ला, अनूप पटेल, रामगोपाल साहू, लव केवट, रमेश तम्बोली, आशीष सोनी, पुनीराम साहू, शशिकांत सोनी, प्रकाश थवाईत, अंकित शुक्ला सहित स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

मनीष को मिला मुकुटधर पाण्डेय साहित्य सम्मान, पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

जांजगीर-चांपा। देहरादून स्थित लेखक गांव में 25 से 29 अक्टूबर तक आयोजित "लेखक गाँव अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव 2026" में प्रवासी भारतीय साहित्यकार के रूप में नगर के मनीष पाण्डेय आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर उनके काव्य संग्रह "दुनिया के रंग निराले" का लोकार्पण योग गुरु बाबा रामदेव, वरिष्ठ साहित्यकार अशोक चक्रधर एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' के द्वारा अन्य विशिष्ठ अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। यह उनका दूसरा स्वतन्त्र काव्य संग्रह है जिसमें जीवन के उनको अनुभवों पर आधारित कविताओं और इस पुस्तक की भूमिका स्वयं डॉ निशंक के द्वारा लिखी गई है। इसी महोत्सव में उन्हें "लेखक गांव सृजन सम्मान" दिया गया। इसके उपरांत रायगढ़ छत्तीसगढ़ के नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय में 30-31 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय "अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी" में उनको एक और काव्य कृति "काजल भीगी आँखों का" का भी लोकार्पण विवि के कुलपति प्रो विनय चौहान एवं जिंदल विवि के कुलपति प्रो. पाटीदार के द्वारा तेजेन्द्र शर्मा (ब्रिटेन), स्नेह ठाकुर (कनाडा), मौना कौशिक (बुल्गारिया) तथा डॉ दीपक पांडेय सहायक निदेशक केंद्रित हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की उपस्थिति में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रो मीनकेतन प्रधान (पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष) के संयोजन में उनके फाउंडेशन "विश्व हिंदी अधिष्ठान, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)" द्वारा किया गया था। छायावाद के प्रणेता पद्मश्री मुकुटधर पाण्डेय स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में मनीष पाण्डेय को "मुकुटधर पाण्डेय साहित्य सम्मान" से भी अलंकृत किया गया। मनीष पाण्डेय ने इन दोनों सम्मान की प्राप्ति पर हर्ष व्यक्त किया और साहित्य के प्रति उनकी रुचि को माता-पिता सहित गुरुओं के द्वारा दिए शिक्षा को इसका आधार बताकर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता जताई। मनीष वर्तमान में यूरोप के देश नीदरलैंड्स की राजधानी एम्स्टरडम में अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ निवास करते हैं और आमेजन यूरोप में सॉफ्टवेर तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत हैं।



जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह अक्टूबर 2026 का बिल निम्नानुसार है

विवरण	दर	राशि
15 दिन	4.00	60.00
16 दिन	5.00	80.00
31 दिन,	कुल योग=	140.00

कृपया पाठकगण माह अक्टूबर 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 नवंबर 2026 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2 बिलासपुर

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मदरिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. ऐश्वर्य मदरिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

ओम हॉस्पिटल
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• हर्निया • चर्बी की गांठ
• पाइल्स • फिस्टुला
• पेट से संबंधित समस्त सर्जरी
• लेजर द्वारा बवासीर का ईलाज
• दूरबीन से होने वाली समस्त सर्जरी
महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) 8370008551
खरोरा रोड,तिल्दा (छ.ग.) 9302734809
सरायपाली (छ.ग.) 8370008558
जगदलपुर (छ.ग.) 8435908123
#Rajesh

पित्त की पथरी
बार-बार होने वाला दर्द सिर्फ दवा से न टालें। समय पर विशेषज्ञ से सलाह लें।
डॉ. विवेक केशरवानी
लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विशेषज्ञ
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 3 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा (17:00), बिलासपुर (19:30), रायपुर (21:30) दुर्ग (22:30) एवं गोंदिया (01:00) बजे से होकर।
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
सरि : स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
सम्पर्क नंबर :- 9165-411411